नस्ति संख्याः 4-19/2016-हि.प्र.वि.(शै.)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
शैक्षणिक शाखा, समरहिल, शिमला-171005

दिनांकः 11.08.2022

अधिसूचना

कार्यालय की अधिसूचना सम संख्या दिनांक 21.07.2022 तथा 01.08.2022 की निरन्तरता में महाविद्यालयों के प्राचार्य व विभिन्न छात्रों तथा छात्र संगठनों द्वारा प्रदत्त प्रतिवेदनों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के उपरांत प्रति-कुलपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने उन छात्रों को जो किन्हीं अपरिहार्य कारणों से स्नातक स्तर सत्र 2022-23 वर्ष की कक्षाओं में निर्धारित तिथि 05.08.2022 तक प्रवेश नहीं ले सके हैं उनके हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त राजकीय, गैर-राजकीय एवम् संस्कृत महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर प्रवेश की अन्तिम तिथि को दिनांक 20 अगस्त, 2022 सांय 5:00 बजे तक बढ़ाने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया है।

कुलसचिव
हि. प्र. वि., शिमला-5
दिनांकः11.08.2022

पृष्ठांकन संख्याः सम
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आगामी कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला-5 से सम्बन्द्धता प्राप्त सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचनार्थ एवं निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त अधिसूचना को अपने सूचना पट्ट पर सभी छात्रों की सुविधा के लिए लगाया जाए।
2. प्रधान सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2
3. निदेशक, उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-1
4. अधिष्ठाता अध्ययन, हि.प्र.वि. शिमला-5
5. परीक्षा नियन्त्रक/अतिरिक्त परीक्षा नियन्त्रक, हि.प्र.वि. शिमला-5 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न कर बिन्दु संख्या 2 में आवश्क कारवाई हेतु प्रेषित की जाती है।
6. निदेशक, श्रेत्रीय केन्द्र, हि.प्र.वि. धर्मशाला/निदेशक, इकडोल, शिमला-5/ प्रधानाचार्य, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, हि.प्र.वि. शिमला-1
7. उप-कुलसचिव (सामान्य प्रशासन), हि.प्र.वि. शिमला-5
8. उप-कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा मूल्यांकन/ पूर्नमूल्यांकन/ संचालन/ आर.एम.ई./ डिग्री सेल/ इंटरनल ऑडिट/ ए.आर.ओ., हि.प्र.वि. शिमला-5
9. जन संपर्क अधिकारी. हि.प्र.वि. शिमला-5 से अनुरोध है कि उपरोक्त अधिसूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशित एवम् आकाशवाणी शिमला से भी प्रसारित किया जाए।
10. वैब एडमिन, कम्प्यूटर सेन्टर, परीक्षा शाखा, हि.प्र.वि. शिमला-5 से निवेदन है कि उपरोक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर छात्रों की सुविधा के लिए तुरन्त प्रकाशित करें।
11. सचिव, कुलपति/विशेष निजी सचिव कुलपति/प्रति-कुलपति, निजी सचिव, कुलसचिव, हि.प्र.वि. शिमला-5
12. रक्षक नस्ति।

कुलसचिव